>

Title: Need to provide clean potable water to passengers at all the railway stations in the country.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): महोदय, रेलवे में शुद्ध पेयजल किसी भी स्टेशन पर जनता एवं यात्रियों को उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। रेलवे की संसदीय समिति भी इस पर चिंता जता चुकी है। करीब 8245 रेलवे स्टेशन्स पर पीने लायक शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है। पूरे देश के रेलवे स्टेशन्स पर मिनरल वाटर के नाम पर जो सीलबन्द पानी की बोतल यात्रियों द्वारा खरीदी जाती है, जरूरी नहीं है कि वह मिनरल वाटर ही हो, हो सकता है कि वह बोतल स्टेशन पर पटरियों की सफाई के लिए लगी पाइपलाइनों से भरी गयी हो। यह भी संभव है कि जो बोतल आप प्लेटफार्म पर रेलवे के अथॅराइज्ड वेन्डर से खरीदें, वह भी तय शुद्धता के मानक को पूरा न करती हो। रेल यात्रियों को साफ पेयजल उपलब्ध न होने के मामले में रेलवे की स्थायी संसदीय समिति भी चिंता जता चुकी है।

स्टेशंस और ट्रेंस में ऐसी पानी की बोतलें देखी भी थीं, जिन पर पैंकिंग और एक्सपायरी डेट नहीं थी। संसदीय समिति ने यह कहा था कि देश के प्रत्येक स्टेशन पर आरओ सिस्टम को लगाने जाने की जरूरत है, क्योंकि रेल नीर का उत्पादन इतना नहीं होता है कि हर स्टेशन और ट्रेन में इसकी बिक्री की जा सके। अतः इन सब तथ्यों को मद्देनजर रखते हुए और आम जनता की पीड.ा को समझते हुए सरकार जल्द से जल्द इस समस्या का निवारण करे, यही मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है।